Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7697	27.08.2023	28.08.2023	Hardoi Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/hardoi/two-died-of-fever-in-gauradanda-50-sick-hardoi-news-c-213-1-sknp1042-2715-2023-08-27
Title:	**Two died of fever in Gauradanda 50 sick Hardoi, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Hardoi, SSU- Uttar Pradesh			

टड़ियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा डांडा गांव में बुखार की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। गांव में लगभग 50 लोग तेज बुखार से पीड़ित हैं। खबर लिखे जाने तक स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम गांव नहीं पहुंची।

इन दिनों अलग अलग वजहों से बड़ी संख्या में लोग बुखार से पीड़ित हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग की ओर से सतर्कता नहीं बरती जा रही है। गौरा डांडा निवासी शिवरतन (60) पिछले तीन दिनों से तेज बुखार से पीड़ित थे। घर पर रहकर ही इलाज करा रहे थे। शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई।

गौराडांडा का ही फारूख (40) भी पिछले दो दिनों से तेज बुखार से परेशान था। रविवार सुबह लगभग नौ बजे फारूख ने भी दम तोड़ दिया। 12 घंटे के भी कम अंतराल पर एक ही गांव में बुखार पीड़ित दो लोगों की मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान अनुराग के मुताबिक लगभग पचास लोग तेज बुखार की चपेट में हैं। इन लोगों को पहले तेज सर्दी लगती है और फिर बुखार आ जाता है। गांव के ही अवधेश (40), मुनेश्वर (35), सुधीर (45), अर्पित (18), अमित (37), साहिल (15), सर्वेश (34), छन्नू (35) भी तेज बुखार की चपेट में हैं। पूरे मामले पर सीएमओ डा. रोहताश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को ही गांव पहुंच जाएगी। सभी बुखार पीड़ितों का ब्लड सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। बुखार पीड़ितों को दवा भी वितरित की जाएगी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC